# संजय नगर तालाब के पास अवैध रूप से कार वॉशिंग सेंटर चला रहे दुकानदारों के नल कनेक्शन काटकर बंद कराया गया

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई के नेशनल हाईवे से लगा हुआ संजय नगर तालाब के पास अवैध रूप से 10 कार वॉशिंग सेंटर चलाया जा रहा था। जिसके कारण वहां पर ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा था, आए दिन दुर्घटना हो रही थी, सड़क जाम हो रहा था। स्थानीय निवासियों की शिकायतें थीं कि संजय नगर क्षेत्र में पीने की पानी की समस्या गर्मी के दिनों में हो जाता है और एक तरफ 10 से अधिक कार वॉशिंग सेंटर रोड के ऊपर अवैध रूप से पुराने सर्विस रोड के उपर पीने के पानी का दुरूपयोग करके चलाया जा रहा हैं। नगर निगम भिलाई जोन 01 के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर निगम दल के साथ जाकर स्वयं जॉच किए। पता चला कि अवैध कार वासिंग सेंटर चलाने वाले वहां पर टंकी बना लिए हैं और नगर निगम के सप्लाई वाटर के पाईप लाईन से अवैध कनेक्शन खींच करके टंकी में भरते थे उसी से गाड़ियों की धुलाई करते थे। औसतन प्रत्येक दिन वहां पर 100 से अधिक गाड़ियों की धुलाई की जा रही थी। 40 वर्षों से अधिक निवासरत मोहनलाल गुप्ता एवं अन्य निवासियों ने बताया कि हम लोग परेशान हो गए थे एक तरफ पीने की पानी की समस्या दूसरे तरफ यह लोग पीने के पानी से गाड़ी की धुलाई कर रहे थे। निगम का तोड़फोड़ दस्ता जाकर अवैध नल कनेक्शन का विछेदन किया, इसके साथ ही घुलाई वाली मशीन को जप्ती बनाया गया। पूर्व में अधिक बारिश हो जाने से नाले के उपर अधिक जल भराव हो जाने के कारण सुपेला घड़ी चौंक के पास दुर्घटना हो गई थी। नाला चौड़ीकरण का मांग किया जा रहा था। बढ़ते जनसंख्या के दबाव के कारण पूर्व में निर्मित नाले की चौड़ाई कम थी अब उसे कर्मा चौंक से टाटा मोटर्स कोसा नगर तक चौड़ीकरण करते हुए बढ़ाया जा रहा है। सर्विस रोड एवं निर्माणाधीन नाले के उपर स्लैब डालकर अवैध रूप से कार वासिंग का कार्य किया जा रहा था, सभी कचरों को नाले में डाला जा रहा था। सफाई के लिए नाले के उपर का कब्जा हटाना आवश्यक था। इसी तारतम्य में नगर निगम भिलाई का तोड़फोड़ दस्ता द्वारा दुकानो के सामने से कुछ स्लैब को हटा दिया गया है। जिससे नाले की सफाई हो सके, आने जाने के रास्ते के लिए नाली के उपर के स्लैब को बीच–बीच में छोड़ दिया गया है। पूर्व में सभी अवैध कब्जाधारियो को कब्जा हटाने के लिए जोन कार्यालय से नोटिस भी दिया गया था। जिससे नाले का निर्माण ठीक ढंग से हो सके। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिको से अपील किया जाता है कि कर्मा चौंक से टाटा मोटर्स के बीच में पूर्व के बने नाले के उपर अवैध कब्जे को स्वयं से हटा लेवें। निगम के द्वारा कार्यवाही करने पर अधिक नुकसान हो सकता है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा, कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता बंसत साहू, जोन राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, राजस्व निरीक्षक शंशांक शेखर, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, अनिल, राजेश गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, मंगल कुर्रे, विष्णु सोनी आदि उपस्थित रहे।

